## सार-समाचार

### मिड डे मील भुगतान में देरी से परेशानी

**अजमेर**, (कासं)। अजमेर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड ने मिड डे मील योजना के अंतर्गत दूध आपूर्ति के बकाया भुगतान को लेकर ब्यावर जिला कलेक्टर से त्वरित कार्रवे की मांग की है। संघ के अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने इस संदर्भ में एक औपचारिक पत्र जारी कर योजना के तहत 5 करोड, 72 लाख, 37 हजार 55 रुपए की लंबित राशि का शीघ्र भुगतान करवाने की मांग की है। चौधरी ने पत्र में बताया कि यह राशि राज्य सरकार की पन्नाधाय बाल गोपाल योजना के अंतर्गत ब्यावर जिले में दूध आपूर्ति हेतु स्वीकृत है, परंतु कोषालय ब्यावर में बिल स्वीकृत होने के बावजूद भुगतान नहीं हो पा रहा है। इसके कारण संघ को दुग्ध उत्पादकों को समय पर भुगतान करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। चौधरी ने पत्र में स्पष्ट किया है कि भुगतान में हो रही इस अनावश्यक देरी से ग्रामीण स्तर पर दुग्ध उत्पादक बेहद परेशान हैं और उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। उन्होंने ब्यावर कलेक्टर डॉ. खडग़ावत से अपील की है कि कोषालय को शीघ्र निर्देश जारी किए जाए ताकि लंबित भुगतान का निस्तारण किया जा सके।

### मारपीट के आरोपियों की परेड कराई

**भीलवाड़ा**,(नि.सं.)। शराब के लिए पैसे नहीं देने से खफा बदमाशों ने खौफ पैदा करने के लिए मंगलवार शाम को कावा खेड़ा इलाके में युवकों के साथ मारपीट की और वाहनों में तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया था पुलिस ने इन आरोपियों को सबक सिखाने के लिए शहर में उनकी बिंदोली निकाली। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथ पैरों पर बंधे पट्टे और पुलिस की टीम के साथ आरोपियों की इस परेड को देखकर आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर का माहौल नजर आया। कोतवाल गजेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि मंगलवार शाम को कावा खेड़ा इलाके में खौफ पैदा करने की नीयत से 1 घंटे में दो जगह मारपीट की वारदात को अंजाम दिया गया और वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई थी। आरोपी पुष्पेंद्र जाट और अजय राजपूत में इस घटना को शराब के पैसे नहीं देने पर अंजाम दिया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी शहर में परेड निकाली। गिरफ्तारी के दौरान चोर पुलिस की भाग दौड़ में आरोपी घायल हो गए थे। उनके पैर और हाथ पर पट्टियां बंधी हुई थी। यह मंजर देखकर आमजन में विश्वास और अपराधियों में खौफ का माहौल पैदा हो गया।

### सात सहेलियां सेवा कार्य में जुटी हैं

**मदनगंज-किशनगढ़**,(निस)। किशनगढ़ की सात सहेलियां बस स्टेण्ड पर यात्रियों को पानी पिलाने के साथ गौशाला में गौमाता की सेवा करने में तत्पर रहकर पुनीत कार्य में भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। जल सेवा नारायण सेवा की भावना को ध्यान में रखते हुए इन महिलाओ ने बिना किसी संस्था के भीषण गर्मी में जल सेवा का मिशन तय कर पुराने बस स्टेशन पर शुरुआत की। पानी के केन मंगवाकर स्वयं अपने हाथो से जल पिलाया। इसके बाद आर के पाटनी रोडवेज बस स्टेशन पर 15 दिन लगातार आठ घंटे यात्रियों को शीतल जल पिलाया। इसके अलावा सुग्रीव गौशाला में गौमाता को करीब सौ किलो तरबूज व हरा चारा खिलाया। इस दौरान सात सहेलियों में बबीता संचेती, सुमन मालपानी, गुड्डी शर्मा, अनीता बिजोरिया, सुनीता सोगानी, पुष्पा शर्मा, ममता पोद्दार, लीला पोद्दार शामिल रही। समाजसेविका बबीता संचेती ने बताया कि प्यासे को पानी पिलाने के अलावा आवश्यकता मुताबिक जरूरतमंद की सहायता करने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

### स्त्री रोग शिविर में 38 रोगी लाभान्वित

**भीलवाड़ा**, (नि.सं.)। श्री गणेश उत्सव प्रबन्ध सेवा समिति भीलवाड़ा द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सालय, गैलेक्सी हॉस्पिटल, मोती बावजी चौराहा, सांगानेरी गेट पर रखा गया। जिसमें 38 रोगी लाभान्वित हुई। इसमें बी.ए.एम.एस. स्पेशलिस्ट डॉ. किरण शर्मा सभी रोगियों को देखकर उचित सलाह दी। शिविर में सभी स्त्री रोग में निसंतान, महावारी का कम व ज्यादा आना, महावारी के समय दर्द रहना ओर भी स्त्री रोग से सम्बन्धित सभी बीमारियों को देख कर परामर्श दिया। समिति के अध्यक्ष उदयलाल समदानी ने बताया कि इसमें सभी रोगियों को दवाईयाँ व परामर्श नि:शुल्क उपलब्ध करवाया। इस केम्प में सुभाष गर्ग, दयाशंकर शुक्ला, अंजना शर्मा व कृष्णगोपाल मंगल ने सेवाऐं दी।

# खाद्य सुरक्षा से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहे : गोदारा

**अजमेर**, (कासं)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अजमेर एवं ब्यावर जिलों के रसद विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में गिव अप अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने जिले की प्रगति से अवगत कराया।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री गोदारा ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 26 जनवरी से राज्य में नए लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा योजना में जोड़ा जा रहा है। इस दिशा में सक्षम व्यक्तियों द्वारा स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा का लाभ त्यागने के लिए नवाचार के रूप में गिव अप अभियान प्रारंभ किया गया है। इससे वंचित परिवारों को लाभ मिलेगा। अब तक प्रदेशभर में लगभग 20 लाख 71 हजार लाभार्थियों ने इस योजना का लाभ स्वेच्छा से छोड़ा है। इसे संख्या को 35 लाख तक पहुंचाने के लिए समस्त अधिकारियों को तेजी से कार्य करना चाहिए। इससे राज्य को केवल गेंहु वितरण से ही 378 करोड़ की वार्षिक बचत होगी। रसोई गैस सब्सिडी, मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना तथा दुर्घटना सुरक्षा योजना के माध्यम से होने वाली बचत अतिरिक्त है। इसमें अजमेर एवं ब्यावर जिले से लगभग 76 हजार व्यक्तियों ने लाभ स्वेच्छा से छोड़ा।

मंत्री गोदारा ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से राज्य में 35 लाख नए पात्र लाभार्थियों को योजना में शामिल किया गया है। आगामी एक माह में इस संख्या को 50 लाख किया जाएगा। नए लाभार्थियों की संख्या 60 लाख तक पहुंचाने का सरकार का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्राथमिकता वंचित परिवारों को योजना का लाभ दिलाना है। इनमें अजमेर एवं ब्यावर से एक लाख 21 हजार लाभार्थी जुड़े हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गिव अप संख्या को अजमेर में 77 हजार से बढ़ाकर 1.25 लाख तक पहुँचाने का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। इससे आगामी समय में और अधिक पात्र लाभार्थी योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार ब्यावर क्षेत्र के लिए भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जवाजा के लिए 2500, ब्यावर के लिए 1500, मसूदा के लिए 4 हजार, बिजयनगर के लिए 600, जैतारण के लिए 5 हजार, रायपुर के लिए 3 हजार एवं बदनौर के लिए 3 हजार व्यक्तियों के नाम हटाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

निरीक्षण कार्यों को नियमित किया जाए और प्रत्येक निरीक्षक प्रतिदिन कम से कम एक दुकान का निरीक्षण करें। अपात्र लाभार्थियों से अंतिम अवसर के बाद मुआवजा वसूली की कार्यवाही भी की जाएगी।

उन्होंने जिला रसद अधिकारियों को निर्देशित किया कि साप्ताहिक समीक्षा बैठकें आयोजित करें। यह समीक्षा बैठक प्रत्येक शुक्रवार को होनी चाहिए। जिले में कार्यरत प्रवर्तन अधिकारी एवं निरीक्षकों के मध्य कार्यों का समानुपातिक रूप से वितरण सुनिश्चित किया जाए। गोदारा ने कहा कि राजस्थान में गिव अप एक नवाचार के रूप में उभरा है। इससे खाद्य सुरक्षा सूची पारदर्शी और सटीक रूप से तैयार हो रही है। इससे वास्तव में ज़रूरतमंद गरीबों को उनका हक मिल रहा है। जनप्रतिनिधी एवं प्रशासनिक अधिकारी इस अभियान को प्राथमिकता दें। पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर अजमेर दक्षिण विधायक अनीता भदेल ने सुझाव दिया कि जिन राशन दुकानों के लाइसेंस निरस्त किए जाएं उनके स्थान पर निकटवर्ती डीलर को जिम्मेदारी सौंपी जाए। इससे आमजन को कठिनाई नहीं हो। उचित मूल्य की किसी दुकान को निकटवर्ती दुकान के साथ जोड़ने की नीति में परिवर्तन की आवश्यकता बताई। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में दुकान अटैच करने के लिए न्यूनतम दूरी अलग-अलग होनी चाहिए। पहचान पोर्टल के साथ डाटा जुड़े होने से जल्दी अपडेट होने की सुविधा मिलेगी।

ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत ने राशन दुकान आवंटन समिति में स्थानीय विधायकों को शामिल करने तथा दुकानों का अटैचमेंट नजदीकी दुकानों से करने की मांग की।

इस अवसर पर देहात अध्यक्ष जीतमल प्रजापत, शहर अध्यर्क्ष रमेश सोनी, केकड़ी प्रधान होनहार सिंह, अर्जुन नलिया, अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पूनम सागर, पीएसओ शैलेष सुराणा, प्रशिक्षु आईएएस डॉ. नेहा राजपुत, अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी सहित रसद विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### क्रिकेट प्रति. शुरू

**ब्यावर**, (निसं) सम्राट पृथ्वीराज चौहान जन्मोत्सव समारोह समिति द्वारा सम्राट की जयंती उपलक्ष्य टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ आशापुरा माता धाम प्रांगण में हुआ।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत एवं अध्यक्षता विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष नेम सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि रावत राजपूत महासभा युवा प्रदेश अध्यक्ष सूरज प्रताप सिंह चौहान, प्रतियोगिता संयोजक डॉ नरेन्द्र आनंदानी, प्रफुल्ल चौहान, छोटू सिंह कानाखेड़ा, परियोजना प्रमुख लक्ष्मी नारायण की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्रतियोगिता प्रभारी विक्रान्त सिंह रावत ने बताया कि ब्यावर जिले की तहसीलों की 32 टीमें भाग ले रही हैं। मुख्य अतिथि अविनाश गहलोत ने बल्लेबाजी करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पहला मैच सेदरिया और अग्रसेन क्लब में मध्य खेला गया 44 रन से सेदरिया की टीम विजय रही। एम के क्लब ब्यावर, मोमेडन क्लब ब्यावर, काला घोड़ा क्लब, श्याम टाइटन ने अपने पहले राउंड के मैचों में जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के सहसंयोजक सुनील सिंह रावत गोहाना, सज्जन सिंह चौहान, अनिल जांगिड़, मोनू पंवार, बच्छराज छीपा, विजय सिंह मुंडोति, वीरेंद्र सिंह भाटी, भंवर सिंह गुड़ी सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

**NAME CHANGE**

I Army No. JC 345134K, NB/SUB, Surendra Singh Residing at Nakronda, Dehradun, U.K.248008 have change my Daughter's Name from Shanwee to Shanwee Belwal before court campus Nasirabad

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी केकड़ी जिला अजमेर**

क्रमांक/रीडर/2025/2030 **नोटिस** दिनांक 3.6.2025

उनवान-कमला बनाम बृजराज वगै०

प्रार्थना पत्र संख्या- 9/2023(2023/249)

1. श्री यश जोशी पुत्र उमेश जोशी जाति ब्राह्मण निवासी लसाडिया तहसील केकड़ी जिला अजमेर

(तामिलीः जर्ये अखबार साया)

इस न्यायालय का प्रार्थना पत्र रामलाल बनाम लादी वगै० ने आपके विरूद्ध सलंग्न वाद पंजीयन किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख दिनांक 24.6.2025 को प्रातः 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसके सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस प्रार्थना पत्र से संबंधित सभी सरवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों के उत्तर दे सके। आपको ये निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करे। यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लेखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे। आपकों सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को उस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रार्थना पत्र की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह वाद तारीख 3.6.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

-न्यायाधीश, उपखण्ड अधिकारी, केकड़ी

### शोभायात्रा निकाली

**मदनगंज-किशनगढ़**,(निस)। माहेश्वरी पंचायत संस्था द्वारा महेश नवमी के उपलक्ष में माहेश्वरी भवन से शोभायात्रा निकाली।

भगवान महेश के साथ राधा-कृष्ण, राम- सीता सहित अन्य नयनाभिराम झांकिया, बग्गी, ढोल, बेंड, भजन मंडली आकर्षण रही। हजारों नर नारियो ने भगवान महेश के जयकारे गुंजाईमान कर सुमधुर भजन कीर्तन पर झूमते रहे। भारत विकास परिषद, सकल जैन समाज, अगरवाल समाज, पैंसनर्स, फ्रेंड्स क्लब, मित्र मंडल, सिंधी समाज, मॉर्निंग वॉकर, जगदीश मालाकार, बंजारा समाज, जीनगर समाज आदि ने पुष्प वर्षा कर पेयजल की व्यवस्था की। अध्यक्ष रामनारायण झंवर, संयोजक विजय सारडा, मंत्री किशन बंग, मुकुटबिहारी मालपाणी, भगवान बाहेती, राजकुमार कासट, कोषाध्यक्ष सर्वेश्वर राठी, प्रवक्ता अनिल लढा, अश्वनी काबरा, नंदकिशोर राठी, अजय काबरा, रसिक दरगड, महिला अध्यक्ष सरिता मंत्री, नवयुवक मंडल अध्यक्ष दीपक मंत्री, तरुण मंडल अध्यक्ष विवेक ईनाणी आदि उपस्थित थे।

# ऊर्जा व पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने पर जोर

**अजमेर**, (कासं)।अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के तत्वावधान में चल रहे पर्यावरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत देशभर की अणुव्रत समितियाँ व मंच विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर एक महत्वपूर्ण जन-जागरूकता पहल कर रही हैं।

समितियों ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने संस्थानों, दुकानों एवं कार्यालयों, घरों में आगामी 5 जून को दोपहर 2:00 से 4:00 बजे तक अपने एयर कंडीशनर बंद रखें, ताकि ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देने का कार्य अंजाम दिया जा सके।

इस अभियान का नेतृत्व अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रताप सिंह दुग्गड़ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान जलवायु संतुलन की दिशा में एक छोटा परन्तु महत्वपूर्ण प्रयास है। देशभर में हजारों अणुव्रत कार्यकर्ता पर्यावरण संरक्षण को लेकर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। सोसायटी के महामंत्री मनोज सिंघवी ने बताया कि जनभागीदारी से छोटे छोटे प्रयोग, बड़े एवं सकारात्मक जनजागरूकता की दिशा में एक सशक्त प्रयास होंगे।

अणुविभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पर्यावरण प्रभारी विनोद कोठारी ने बताया कि यह पहल केवल एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं, बल्कि हर नागरिक को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने की एक ठोस पहल है। छोटे-छोटे प्रयास जब सामूहिक बनते हैं, तो बड़े परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

अजमेर अणुव्रत समिति के अध्यक्ष बी एल सामरा ने बताया कि अपने स्थानीय स्तर पर भी विविध आयोजन करेगी जिसमें इको-फ्रेंडली कैरी बैग का वितरण, अणुव्रत वाटिका का शुभारंभ,पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पर्यावरण जागरूकता रैली, लघु नाटिका, संगोष्ठियाँ एवं संवाद सत्र,वृक्षारोपण एवं पौधों का वितरण आदि अनेकों पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धित गतिविधियों का समावेश होगा

स्थानीय अणुव्रत समिति अध्यक्ष बी एल सामरा ने जानकारी देते हुए बताया कि अणु विभा के निर्देशन में पूरे देश की अणुव्रत समितियां, अणुव्रत मंच एवं विविध समवैचारिक संस्थाओं के माध्यम से वृहद स्तर पर जन भागीदारी से यह अभियान सफल हो सकेगा तो आइए, 5 जून को दोपहर 2 से 4 एसी बंद करें और पर्यावरण को राहत दें।

**आम सूचना**

मैं, मेरे अभिभाष्या श्रीमती रूवी खालसा पत्नी महिन्द्र सिंह आहुजा निवासी आहुजा भवन, गली नं. 5. सुभाष नगर अजमेर जिला अजमेर के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरी अभिभाष्या एक आवासीय मकान जो दादा भाई कॉलोनी, नसीराबाद रोड़ अजमेर पर स्थित है जिस पर नगर निगम अजमेर का ए.एम. सी. नं. 31/46 डी अंकित है जो कि 204 वर्गगज पर निर्मित है को क्रय करने का ईकरार किया है। उक्त मकान की मालिक स्वामी श्रीमति सन्तोष खन्ना पत्नी स्व. श्री विष्णु प्रसाद खन्ना की मृत्यु दिनांक 19.04.2018 को हो गई। स्व. श्रीमति सन्तोष खन्ना के पति स्व. श्री विष्णु प्रसाद खन्ना की मृत्यु दिनांक 07.05.2016 को हो गई थी। उनके विधिक वारिसान में उनके तीन पुत्र श्री राजेश खन्ना, श्री अशोक खन्ना व श्री संजीव खन्ना थे जिसमें से श्री संजीव खन्ना की मृत्यु दिनांक 30.05.2019 को हो जाने के पश्चात उनके वारिसान श्रीमती मधु खन्ना (पत्नी), संकल्प खन्ना (पुत्र) व साल्वी खन्ना (पुत्री) ने स्वयं उपस्थित होकर व श्री राजेश खन्ना ने जरिये अधिकार पत्र श्री अशोक खन्ना के पक्ष में उक्त सम्पत्ति बाबत हकत्याग विलेख दिनांक 23.05.2025 को पंजीकृत करवा दिया जिसका पंजीयन श्रीमान उप पंजीयक अजमेर द्वितीय कार्यालय में पुस्तक सं. 1 की जिल्द जिल्द सं. 975. क्रम सं. 20250300210 5343, पेज सं. 126 व अति. पुस्तक सं. 1 जिल्द सं. 3899, पेज सं. 510 से 519 पर दिनांक 23.05.2025 को पंजीबद्ध किया गया। वर्तमान उक्त सम्पति के एकमात्र मालिक स्वामी श्री अशोक खन्ना से मेरी अभिभाष्या ने इस मकान को क्रय करने हेतु इकरारनामा किया है। उक्त मकान के मेरी 1 अभिभाष्या के क्रय के सम्बन्ध में किसी भी सर्वसाधारण को, ऋणदात्री तथा सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था को उज्र, ऐतराज, आपत्ति हो तो लिखित में अपनी उज्र, ऐतराज, आपत्ति दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में व्यक्तिशः उपस्थित होकर विज्ञापन के प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर दर्ज करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद मेरी अभिभाष्या श्रीमती रूवी खालसा पत्नी महिन्द्र सिंह आहुजा निवासी आहुजा भवन, गली नं. 5. सुभाष नगर अजमेर जिला अजमेर के विरूद्ध कोई भी उज्र,आपत्ति, ऐतराज स्वीकार नहीं की जायेंगी। सूचित रहें। (राशिद अली, एडवोकेट कार्यालयः- पौल्ट्रीफार्म के पास, वार्ड सं. 12. गांधीनगर मदनगंज-किशनगढ़ (अजमेर)। मो.नं.- 9928555255,9414263445

**कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर**

क्रमांक: 296 **जाहिर आम सूचना** दिनांक: 03/06/2025

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 2/111, दौराई, अजमेर श्री गणेश प्रसाद सक्सेना पुत्र श्री एस.पी. सक्सेना को आंवटित कर दिनांक 19.07.1994 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री गणेश प्रसाद सक्सेना पुत्री श्री एस.पी. सक्सेना द्वारा जरिये इकरारनामा मुख्त्यारनामा एवं वसीयतनामा के आवास का बेचान श्रीमती रेखा छतवानी पत्नि श्री लाल छतवानी को कर दिया था। मण्डल द्वारा दिनांक 31.12.2013 को श्रीमती रेखा छतवानी पत्नि श्री लाल छतवानी के पक्ष में नियमितीकरण के आदेश जारी किये गये। नियमितीकरण पश्चात् श्रीमती रेखा छतवानी पत्नि श्री लाल छतवानी द्वारा दिनांक 10.6.2014 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया था। पंजीयन पश्चात श्रीमती रेखा छतवानी पत्नि श्री लाल छतवानी द्वारा आवास का बेचान श्रीमती रामेश्वरी रेडिया पत्नि श्री पद्मचन्द रेडिया को दिनांक 18.03.2025 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 961 में पृष्ठ संख्या 134 क्रम संख्या 2025033210 2564 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 3844 के पृष्ठ संख्या 54 से 64 पर दिनांक 18.03.2025 को चस्पा किया गया। अब श्रीमती रामेश्वरी रेडिया पत्नि श्री पदमचन्द रेडिया ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती रामेश्वरी रेडिया पत्नि श्री पदमचन्द रेडिया का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उज्रदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर

**आम सूचना**

मैं, मेरे अभिभाष्या श्रीमती रूवी खालसा पत्नी महिन्द्र सिंह आहुजा निवासी आहुजा भवन, गली नं. 5. सुभाष नगर अजमेर जिला अजमेर के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरी अभिभाष्या एक आवासीय मकान जो दादा भाई कॉलोनी, नसीराबाद रोड़ अजमेर पर स्थित है जिस पर नगर निगम अजमेर का ए.एम. सी. नं. 31/46 डी अंकित है जो कि 204 वर्गगज पर निर्मित है को क्रय करने का ईकरार किया है। उक्त मकान की मालिक स्वामी श्रीमति सन्तोष खन्ना पत्नी स्व. श्री विष्णु प्रसाद खन्ना की मृत्यु दिनांक 19.04.2018 को हो गई। स्व. श्रीमति सन्तोष खन्ना के पति स्व. श्री विष्णु प्रसाद खन्ना की मृत्यु दिनांक 07.05.2016 को हो गई थी। उनके विधिक वारिसान में उनके तीन पुत्र श्री राजेश खन्ना, श्री अशोक खन्ना व श्री संजीव खन्ना थे जिसमें से श्री संजीव खन्ना की मृत्यु दिनांक 30.05.2019 को हो जाने के पश्चात उनके वारिसान श्रीमती मधु खन्ना (पत्नी), संकल्प खन्ना (पुत्र) व साल्वी खन्ना (पुत्री) ने स्वयं उपस्थित होकर व श्री राजेश खन्ना ने जरिये अधिकार पत्र श्री अशोक खन्ना के पक्ष में उक्त सम्पत्ति बाबत हकत्याग विलेख दिनांक 23.05.2025 को पंजीकृत करवा दिया जिसका पंजीयन श्रीमान उप पंजीयक अजमेर द्वितीय कार्यालय में पुस्तक सं. 1 की जिल्द जिल्द सं. 975. क्रम सं. 20250300210 5343, पेज सं. 126 व अति. पुस्तक सं. 1 जिल्द सं. 3899, पेज सं. 510 से 519 पर दिनांक 23.05.2025 को पंजीबद्ध किया गया। वर्तमान उक्त सम्पति के एकमात्र मालिक स्वामी श्री अशोक खन्ना से मेरी अभिभाष्या ने इस मकान को क्रय करने हेतु इकरारनामा किया है। उक्त मकान के मेरी 1 अभिभाष्या के क्रय के सम्बन्ध में किसी भी सर्वसाधारण को, ऋणदात्री तथा सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था को उज्र, ऐतराज, आपत्ति हो तो लिखित में अपनी उज्र, ऐतराज, आपत्ति दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में व्यक्तिशः उपस्थित होकर विज्ञापन के प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर दर्ज करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद मेरी अभिभाष्या श्रीमती रूवी खालसा पत्नी महिन्द्र सिंह आहुजा निवासी आहुजा भवन, गली नं. 5. सुभाष नगर अजमेर जिला अजमेर के विरूद्ध कोई भी उज्र,आपत्ति, ऐतराज स्वीकार नहीं की जायेंगी। सूचित रहें। (राशिद अली, एडवोकेट कार्यालयः- पौल्ट्रीफार्म के पास, वार्ड सं. 12. गांधीनगर मदनगंज-किशनगढ़ (अजमेर)। मो.नं.- 9928555255,9414263445

### बैठक आयोजित

**सरवाड़**, (निसं)। सरवाड़ उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर की अध्यक्षता में सरवाड़ उपखंड के समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक कार्यालय के सभागार में हुई।

उपखंड अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए की वंदे गंगाजल संरक्षण एवं जल संचयन तथा मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 पखवाड़ा 5 जून से 20 जून तक है। राज्य सरकार द्वारा दिए गए निर्देशानुसार प्रत्येक दिवस पर किए जाने वाले कार्यों की कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करें। मानसून एवं बाढ़ आपदा नियंत्रण के लिए निर्देश दिए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए आयुर्वेद डॉक्टर सत्यनारायण गुप्ता को निर्देश दिया कि योजना बनाकर सूचित करें। राजेंद्र कुमार, विकास अधिकारी राकेश कुमार नायक, तहसीलदार शिवराम मीणा, गोपाल लाल धाकड़, सूर्य प्रकाश सिखवाल, सत्येन्द्र आचार्य, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शंकर लाल चौधरी, सीडीपीओ पंकज मीणा, सहायक अभियंता डॉ कविता पन्नीकर सहित समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

## आसींद में डॉ. कुमुदलता का मंगल प्रवेश

**आसींद**, (निसं)। जैन दिवाकरीय मालव सिंहनी कमलावती म. सा. की सुशिष्या अनुष्ठान आराधिका महासती डॉ. कुमुदलता म. सा., साध्वी डॉ महाप्रज्ञा, साध्वी डॉ पदम कीर्ति,साध्वी राजकीर्ति ने आसींद में 4 जून को प्रात: अहिंसा रैली के साथ मंगल प्रवेश किया। अहिंसा रैली बस स्टैंड से कस्बे के प्रमुख मार्गो से गुजरती हुई महावीर भवन पहुंची। पूरे रास्ते श्रावक श्राविकाओं ने जयघोष के नारे लगाए एवं स्वागत द्वार , होर्डिंग्स लगाकर साध्वी मंडल का स्वागत किया।

इंद्रमल भंवरी देवी प्रवचन हाल में साध्वी मंडल द्वारा कलश की स्थापना करवाकर महामंगलकारी अनुष्ठान करवाया गया जिसका आयोजन मेहता परिवार द्वारा किया गया । साध्वी मंडल ने अनुष्ठान के महत्व और इससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। साध्वी मंडल द्वारा मधुर वाणी में गीतिका प्रस्तुत कर भीलवाड़ा में आयोजित चातुर्मास में सभी को पधारने का निमंत्रण दिया।


आसींद में पिछले 223 सप्ताह से नियमित हर रविवार को नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया जाता है जिसकी भूरि भूरि प्रशंसा की एवं सभी से आहवान किया कि नवकार महामंत्र के इस जाप से कोई भी वंचित नहीं रहे एवं नवकार के महत्व पर प्रकाश डाला।

महासती के आसींद आगमन से श्रावक श्राविकाओं और युवाओं में अपार उत्साह दिखाई दिया। प्रवचन समाप्ति तक स्थानकवासी समाज के सभी प्रतिष्ठान भी मंगल रहे। नवकारसी, गौतम प्रसादी एवं प्रभावना के लाभार्थी चांदमल, गणेशलाल, संपतलाल, जयसिंह, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, पारसमल मेहता रहे। समारोह में विधायक जब्बर सिंह सांखला, पूर्व विधायक हगामी लाल मेवाड़ा, तेरापंथ संघ आसींद सहित बदनोर, विजयनगर,गुलाबपुरा, खारी का लाम्बा, पड़ासोली,केरिया, आमेसर , चैनपुरा, करजालिया, चित्तौड़गढ़, मुंबई,सूरत,वापी आदि स्थानों से श्रावक श्राविकाओं ने भाग लिया। सभी आगंतुकों का मेहता परिवार ने माला, शाल,पगड़ी से स्वागत किया। ाजेश कुमार मेहता, साक्षी मेहता, कशिश मेहता एवं मेहता परिवार की महिलाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

## छप्पन भोग लगाया

**भीलवाड़ा**, (नि.सं.)। महेश नवमी पर श्री नगर माहेश्वरी सभा के कार्यक्रमों के तहत श्री माहेश्वरी समाज श्री चारभुजा जी मंदिर ट्रस्ट के बडा मंदिर में विशाल 56 भोग का आयोजन किया गया।

ट्रस्ट मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी डाड परिवार की ओर से शांतिलाल,सत्यनारायण डाड ,संजय , रीना ,सुनील, ध्रुवीत, कान्हा, इक्शित डाड परिवार की ओर से छप्पन भोग का आयोजन रखा गय। छप्पन भोग के आयोजन में प्रातः चारभुजा नाथ के दुग्ध अभिषेक पंडितों द्वारा विधि विधान पूर्वक किया गया। 9:15 बजे भजन सरिता एवं छप्पन भोग दर्शन, ध्वजा पताका अर्पण, महा आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के उदयलाल समदानी, रामेश्वर तोषनीवाल , प्रहलाद भदादा, राधेश्याम चेचानी, भेरूलाल काबरा, फतेहलाल जेथलिया, प्रहलाद डाड,देवेंद्र सोमानी, केदार गगरानी , संजय जागेटिया, राधेश्याम सोमानी पार्षद ,महावीर समदानी ,रमेश जागेटिया, गीता देवी ,संजय डाड,रीना डाड , सुनील मुक्ता ,सलोनी ,सक्षम तोषनीवाल ,संवित डाड,ध्रुवित, इक्षित, सीमा, राजेंद्र भंडारी, शशि, राजकुमार मालपानी, हरिश्चंद्र माहेश्वरी, सुमित्रा माहेश्वरी सुरेश तोषनीवाल ,विनीता तोषनीवाल उपस्थित थे।




**NAME CHANGE**

I Army No. JC 345134K, NB/SUB, Surendra Singh Residing at Nakronda, Dehradun, U.K.248008 have change my Son's Name from Sujal to Sujal Belwal before court campus Nasirabad

**NAME CHANGE**

I Sangeeta Belwal Wife's of Army No. JC 345134K, NB/SUB, Surendra Singh Residing at Nakronda, Dehradun, U.K.248008 have change my Name from Sangeeta Devi to Sangeeta Belwal before court campus Nasirabad

**आम सूचना**

मेरी माता सोहन कंवर पत्नि नारायण सिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम कालानाड़ा की मृत्यु दिनांक 6.9.2013 को मेरे निवास स्थान कालानाड़ा में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत कालानाड़ा में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी माता सोहन कंवर का मृत्यु का प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अराई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपति तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी। -प्रार्थी- रणजीत सिंह पुत्र नारायण सिंह जाति राजपूत निवासी कालानाड़ा तहसील अराई(अजमेर)

# फतेहगढ़ करणी माता मंदिर चोरी के आरोपी पकड़े

**सरवाड़**, (निसं)। फतेहगढ़ करणी माता मंदिर में चोरी का सरवाड़ पुलिस ने खुलासा किया गौरतलब है कि 30 माई को मंदिर में चोरी की रिपोर्ट सत्यनारायण पुत्र कानाराम माली ने निवासी फतेहगढ़ ने अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर में चोरी कर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। वंदिता राणा आईपीएस पुलिस अधीक्षक अजमेर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केकडी श्योराजमल आरपीएस वृताधिकारी वृत्त केकडी हर्षित शर्मा आरपीएस के निर्देशन में सरवाड़ थानाधिकारी जगदीश प्रसाद चौधरी पुलिस थाना सरवाड के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा चोरी के आरोपी की तलाश हेतु सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये तथा विभिन्न प्रकार के तकनीकि व वैज्ञानिक साक्ष्य व मुखबिर मामूर व आसूचना संकलन कर आरोपियो की तलाश गई तथा घटना का खुलासा किया गया। वहीं आरोपियों सुरज बावरी पुत्र कानाराम बावरी उम्र 37 साल निवासी अज़मेर की ढाणी मझोला का रास्ता डुगरी कंला पुलिस थाना मालपुरा जिला टोक विष्णु पुत्र हेमेन्द्र खटीक उम्र 18 साल निवासी रिको एरिया भील बस्ती छापरी रोड सरवाड पुलिस थाना सरवाड जिला अज़मेर रामेकप्रसाद कीर पुत्र धन्ना कीर उम्र 30 साल निवासी भासु पुलिस थाना टोडारायसिहं जिला टोक व किशोर पुत्र रामदेव कीर उम्र 45 साल निवासी कोटा की तलाई पुलिस थाना सरवाड जिला अजमेर को प्रोडेक्शन वारण्ट के जरिये गिरफ्तार किया गया । चोरी किया हुआ माल बरामद किया गया। मुल्जिमानो से गहनता से अनुसंधान कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। आरोपियों में सत्यनारायण पुत्र कानाराम माली निवासी फतेहगढ पुलिस थाना सरवाड जिला अजमेर ने उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। करणी माता मन्दिर फतेहगढ का पुजारी हुं 30 को रात के समय अज्ञात चोरो द्वारा मन्दिर में चोरी कर ली आदि पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान आरम्भ किया गया। इस दौरान पुलिस टीम में सरवाड़ थानाधिकारी जगदीश प्रसाद चौधरी, शिवचरण, कमलेश, मुकेश व जितेन्द्र सहित अन्य शामिल रहे।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

No. EL 81/2/1221(T) Dated : 03/06/2025

मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली), उत्तर- पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा संख्या** : मं.रे.प्र.(बि.) -08-25-26 **कार्य का नाम** : All Div.: Repair & maintenance of Electrical assets of service buildings, colonies and area under Railway Hospital, Ajmer for 02 years. **अनुमानित लागत** : ₹ 91,99,827/- **बयाना राशि** : ₹ 1,84,000/- **ई निविदायें बन्द होने की तिथि** 26.06.25 **निविदा संख्या** : मं.रे.प्र. (बि.)-09-25-26 **कार्य का नाम** : All Div.: Repair & maintenance of Electrical assets of station buildings, colonies and area under SSE/G/Ajmer & Beawar section of Ajmer division for 02 Years. **अनुमानित लागत** : ₹ 65,49,279/- **बयाना राशि** : ₹ 1,31,000/- **ई निविदायें बन्द होने की तिथि** 26.06.25 उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाइट का पता – www.ireps.gov.in 642-CR/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# ब्यावर में महेश जयंती महोत्सव पर शोभा यात्रा निकाली

**ब्यावर**, (निसं) श्री माहेश्वरी पंचायत बोर्ड की ओर से बुधवार को महेश जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर माहेश्वरी पंचायत बोर्ड तथा माहेश्वरी समाज की और से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। श्री माहेश्वरी पंचायत बोर्ड अध्यक्ष दिलीप कुमार जाजू के अनुसार शहर के पाली बाजार स्थित माहेश्वरी भवन से बैंड-बाजों पर बजती मधुर गीत व संगीत की मधुर स्वरलहेरियों के साथ शुरू हुई। शोभा यात्रा का नेतृत्व अश्व सवार बालिकाएं कर रही थी। शोभा यात्रा में पारंपरिक पोषाक में सधी-धजी समाज की महिलाओं ने सिर पर आकर्षक रूप से सजा कलश धारण कर शिरकत की। माहेश्वरी भवन से शुरू हुई शोभा यात्रा शहर के चमन चौराहा, सनातन स्कूल, मालियान चौपड, तेलियान चौपड, एकता सर्किल, पाली बाजार, लौहारान चौपड़ होकर पुन: माहेश्वरी भवन पहुंचकर संपन्न हुई। जहां पर प्रसादी का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में भगवान शिव की झांकी सजाई शोभा यात्रा का आकर्षण का केन्द्र रही। विभिन्न रंगीन परिधानों में सजी-धजी महिलाएं मंगल गीतों के साथ-साथ भगवान महेश के जयकारे लगाते हुए चल रही थी। शोभा यात्रा का मार्ग में जगह-जगह स्वागत द्वार सजाकर तथा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

शोभा यात्रा में शामिल समाज के लोग भी भगवान महेश के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा के दौरान अध्यक्ष दिलीप कुमार जाजू, नरेन्द्र कुमार झंवर, मनीष दरक, प्रभात कुमार राठी, नवनीत भराडिय़ा, अजय सोमानी, सूर्यप्रकाश झंवर, मुकेश झंवर, कैलाश झंवर, श्यामसुदंर झंवर, महेश खटोड, नारायण हेडा, राजकुमार हेडा, पुरूषोतम भूतडा, पवन कुमार बिहानी, विष्णुगोपाल हेडा, वीणा बल्दुआ, प्रेमलता लोहिया, वर्षा तापडिय़ा, कुश मूंदडा, पीयूष मणिहार, सुरेश कुमार, राजेश कुमार भूतडा सहित बडी संख्या में समाजबंधु शामिल रहे। महोत्सव के तहत शोभा यात्रा समापन के पश्चात प्रतिभा सममान एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर के अध्यक्ष रामकुमार भूतडा ने मुख्य अतिथी, जयकिशन बल्दुआ ने विशिष्ट अतिथी के रूप में शिरकत की।

समारोह के दौरान समाज की प्रतिभाओं का सममान किया गया। कार्यक्रम के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया गया।जहां पर सभी ने महाप्रसाद प्राप्त किया।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में सम्मिलित)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**सार्वजनिक सूचना**

**स्वर्ण की नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कर्ज लेनदारों को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड से उनके द्वारा स्वर्ण आभूषणों के बदले ली गयी ऋण सुविधा में बकाया राशि का भुगतान करने के नोटिस जारी किये गये है। क्योंकि कर्ज लेनदार जो इस सुविधा के तहत बकाया का भुगतान नहीं कर पाये हैं, हम 13.06.2025 को बंधक रखे गये स्वर्ण आभूषणों की नीलामी कराने के लिये विवश है। यदि इस नीलामी से कोई अतिरिक्त राशि प्राप्त होती है, तो वह संबंधित कर्ज लेनदार को लौटा दी जायेगी तथा यदि नीलामी से प्राप्ति के बाद कमी रही, तो बाकी राशि कर्ज लेनदार से उपयुक्त कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से वसूली जायेगी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पास निम्न खातों की, बिना पूर्व सूचना के, नीलामी से हटाने का अधिकार है। साथ ही आईडीएफसी बैंक, बिना पूर्व सूचना के, नीलामी की तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम | शाखा का नाम |
|---|---|---|
| 147743518 | वसीम अकरम | डीडवाना ग्रामीण |

नीलामी 13.06.2025 को दिन में 12.00 बजे से दोपहर 3.00 तक https://idfcgold.auctiontiger.net के द्वारा 13.06.2025 को दोपहर 3.00 बजे से सायं 5.00 तक http://gold.samil.in के द्वारा आयोजित की जायेगी। इस प्रकाशन के द्वारा संबंधित कर्ज लेनदारों को एतथ द्वारा अंतिम नोटिस तथा सुविधा संबंधित राशि को सभी ब्याज तथा चार्जेज के साथ, नीलामी तिथि से पहले जमा कराने का आखिरी अवसर दिया जा रहा है, यदि वे ऐसा करने में विफल रहे तो, आभूषण नीलाम किये जायेंगे। कृपया ध्यान दें, यदि नीलामी, समय सीमा के कारण, पूरी नहीं हो पाती है तो, बैंक बंधक रखे स्वर्ण आभूषणों को इन्हीं नियमों व शर्तों पर, अगले 7 दिन में, पुनः नीलामी करेगा। यदि ग्राहक की मृत्यु हो चुकी हो, तो नीलामी संबंधित सभी शर्तें उनके कानूनी उत्तराधिकारी पर लागू होंगी।

दिनांक - 05.06.2025, स्थान - राजस्थान